दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665

अंक 02/77 | जयपुर | 06 अप्रैल /2025 | रविवार | मूल्य रु 5 | पृष्ठ: 04

बंगाल में रामनवमी के आयोजन पर कोहराम

ममता भी निकालेंगी जुलूस, भाजपा-टीएमसी आमने-सामने

पश्चिम बंगाल में राम नवमी के कार्यक्रम पर गरमाई राज्य की सियासत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राम नवमी के जुलूस को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। टीएमसी और भाजपा आमने-सामने हैं। अदालत ने 6 अप्रैल को जुलूस निकालने की इजाजत दे दी है। भाजपा समेत कई हिंदू संगठन जुलूस निकालने के लिए तैयार हैं। अब टीएमसी भी जुलूस निकालने जा रही है। हालांकि बंगाल सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा है। विधायक शौकत मोल्लाह ने दावा किया कि टीएमसी कैनिंग में होने वाली रामनवमी की विशाल रैली में शामिल होगी। जुलूस के आयोजक ने उनको भी न्योता दिया है। उन्होंने भड़काऊ माहौल बनाने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया। मोल्लाह ने कहा कि भाजपा नेता सुकांत मजूमदार, सुवेंदु अधिकारी और दिलीप घोष धर्म का राजनीतिकरण कर रहे हैं।

41 शोभायात्राओं को मिली अनुमति

बंगाल में इस बार राम नवमी का जुलूस कितना भव्य होगा इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि शोभायात्रा के लिए ढाई हजार से ज्यादा आवेदन दिए गए हैं। 60 शोभायात्राएं तो अकेले कोलकाता में ही निकालने की तैयारी हो रही है, जिनमें 41 को इजाजत मिल गई है।

केवल हिंदू त्योहारों पर समस्याएं क्यों हो रहीं: दिलीप घोष

भाजपा नेता दिलीप घोष ने सवाल उठाया कि पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हिंदू त्योहारों के दौरान समस्याएं क्यों पैदा होती हैं? ममता सरकार और पुलिस हिंदू त्योहारों को रोकने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाती है। कहते हैं कि अगर कोई गड़बड़ी होती है, तो जुलूस की इजाजत नहीं दी जाएगी, लेकिन गड़बड़ी आप ही पैदा करते हैं। वे बहाने लेकर कोर्ट में जाते हैं। उन्हें बहाना बंद कर देना चाहिए, क्यों कि हिंदू समाज कानून के दायरे में रहकर ही अपने कार्यक्रम का आयोजन करता है।

बंगाल में हाई अलर्ट भारी पुलिस बल तैनात

कोलकाता हाई कोर्ट का जुलूस को परमिशन देना ममता सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। हालांकि अब जब जुलूस निकलेगा ही तो कोई अप्रिय घटना न घटे ये देखना सरकार की जिम्मेदारी होगी। यही वजह है कि पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जा रही है। संवेदनशील इलाकों में 29 अफसरों की तैनाती की गई है। अकेले कोलकाता में 5 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

जादवपुर विश्वविद्यालय मामला

रामनवमी के लिए अनुमति नहीं दी, छात्रों ने प्रशासन पर लगाए पक्षपात के आरोप

कोलकाता स्थित जादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के नहीं होने का हवाला देते हुए विश्वविद्यालय परिसर में रामनवमी मनाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। हालांकि प्रशासन के इस कदम के बाद छात्रों में काफी निराशा है। कई छात्रों ने इसे कॉलेज प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा बहाना करार दिया। इन्हीं में से एक छात्र सोमसूर्या बनर्जी ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। सोमसूर्या ने बताया कि जब उन्होंने विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करने के लिए संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि कुलपति की अनुपस्थिति के कारण अनुमति नहीं दी जा सकती है।

खबर संक्षेप

वर्मा इलाहाबाद हाईकोर्ट में बने जज, शपथ ली

प्रयागराज। नोट बरामदगी के मामले के बाद चर्चा में आए न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। हालांकि, उन्हें तब तक कोई न्यायिक कार्य नहीं दिया जाएगा, जब तक उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती है। हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की वरिष्ठता में उनका नाम भी शामिल हो गया।

'बाबू' को पीएम समेत नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री और समाजसेवी बाबू जगजीवन राम की जयंती पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

मुंडे को देना होगा महिला को भरण-पोषण

मुंबई। यहां की एक सत्र अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने मुंडे की अपील खारिज कर दी। यह अपील उन्होंने एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ दायर की थी, जिसमें उन्हें एक महिला को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि महिला का दावा है कि वह उनकी पहली पत्नी हैं।

कलाकारों की सूची से कामरा का नाम हटा

मुंबई। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा पर शिवसेना लगातार हमलावर है। 'गद्दार' वाले बयान से गुस्साई शिवसेना ने दावा किया कि बुकमायशो ने कुणाल कामरा का नाम कलाकारों की सूची और टिकटिंग प्लेटफार्म से हटा दिया है। शिवसेना नेता ने ऑनलाइन टिकट बिक्री प्लेटफार्म के सीईओ का धन्यवाद जताया है। मुंबईकर ऐसी कला से प्रेम नहीं करते।

बैंकों में मराठी भाषा को लेकर बंद करें आंदोलन

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं से बैंकों और अन्य संस्थानों में मराठी भाषा के इस्तेमाल को लागू करने के लिए चल रहे 'आंदोलन' को फिलहाल रोकने को कहा है। उन्होंने कहा, मुद्दे पर काफी जागरूकता फैलाई है। उन्होंने पत्र में लिखा कि अब इस आंदोलन को रोकने में कोई बुराई नहीं है।

गृहमंत्री शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पहुंचे, की अपील

आप सभी हमारे अपने, मुख्यधारा में शामिल होकर देश व राज्य के विकास में योगदान दें

एजेंसी ▶▶ दंतेवाड़ा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर हैं। शनिवार की दोपहर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहले विमान से बस्तर पहुंचे। जगदलपुर आगमन के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय से करते हुए कहा कि आज चैत्र नवरात्रि की अष्टमी है। मैं अभी-अभी मैं मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेकर यहां आया हूं कि अगली चैत्र नवरात्रि में यहां से लाल आतंक खत्म हो जाए और हमारा बस्तर फिर से खुशहाल हो। दंतेश्वरी माई की जय और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे लगाते हुए शाह ने कहा कि आज अष्टमी और रामनवमी दोनों है। मैं रामलला के ननिहाल यानी छत्तीसगढ़ में आया हुआ हूं। बहुत-बहुत शुभकामनाएं पूरे देश को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

नक्सलियों से की अपील

अगली चैत्र नवरात्रि में यहां से लाल आतंक खत्म हो और बस्तर फिर से खुशहाल हो

रायपुर में उच्च स्तरीय बैठक करेंगे

सुख-समृद्धि की कामना की

नवरात्रि पर शाह ने आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री राम विचार नेताम, केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव राहुल भगत, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

मां दंतेश्वरी का लिया आशीर्वाद

दंतेवाड़ा में सबसे पहले मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इस दौरान वह धोती-कुर्ता पहने नजर आए। मां का आशीर्वाद लेने के बाद शाह बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्हें माला और मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया गया। यहां पर वह बस्तर के पारंपरिक ड्रिंक्स और फूड्स का स्वाद भी चखा। फिर रायपुर में उच्च स्तरीय बैठक ली। इसके बाद वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा

कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारे सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सल मोर्चे पर लगातार सफलता मिल रही है। हमें पूरा भरोसा है की मां दंतेश्वरी की कृपा से केंद्रीय गृहमंत्री का मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा। बस्तर इलाका पर्यटन स्थल है, जो स्वर्ग जैसा है यहां पर फिर पुराना समय आएगा।

योगी की हैट्रिक का किया दावा

संसद में वक्फ संसोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान कई रोचक लम्हे भी आए। इस दौरान शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार तीसरी बार रिपीट होने की भी भविष्यवाणी कर दी। शाह के इस बयान के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। शाह के बयान के बाद उनके और योगी के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने की अटकलें अब बंद हो जाएंगी?

पंडुम के कलाकारों का सम्मान किया

सीएम साय ने कहा कि यह बस्तर पंडुम 45 दिन तक चला। संभाग स्तर पर समापन हो रहा है। इसमें ओडिशा, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के करीब 27 हजार कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसमें आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, भाषा-शैली, साहित्य, खान-पान का समावेश हुआ। इसमें कलाकारों का सम्मान किया गया।

कांग्रेस ने कराई मंजदेव की हत्या

आदिवासी क्षेत्रों के सभी देवी-देवताओं और महाराज प्रवीणचंद्र मंजदेव को प्रणाम करते हुए शाह ने कहा उन्होंने जनजातियों की संस्कृति के लिए प्राणों की आहुति दी। कांग्रेस के आकाओं को सहन नहीं हुई और साजिश के तहत उनकी हत्या करवा दी।

बस्तर पंडुम को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू जगजीवनराम जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने देश के आदिवासी, पिछड़े वर्गों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। शाह ने कहा कि अगले साल बस्तर पंडुम में देशभर के आदिवासी कलाकारों को बस्तर में लाएंगे। पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा के प्रयास करेंगे।

दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू

10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज

10 अप्रैल से मिलेगा कार्ड, पहले चरण में गरीबों को मिलेगा लाभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में गरीबों के लिए आयुष्मान योजना लागू हो गई है। इस सुविधा के तहत पंजीकृत व्यक्ति दिल्ली सहित देशभर के निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। इसको लेकर शनिवार को दिल्ली में आयुष्मान के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच समझौता हुआ है। दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, सभी सातों सांसद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

2 लाख 35 हजार को पहले कार्ड मिलेगा

सीएम गुप्ता ने कहा कि केंद्र ने इस योजना को लागू करवाया और बढ़ा फंड दिया। पहले दिल्ली को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। महंगा इलाज होता था। निजी अस्पताल में मिल सकते थे। इस योजना के लागू होने पर मनपसंद अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे। 1,961 चिकित्सा बीमारी का इलाज करवा सकता है। 30,957 देशभर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। 2 लाख 35 हजार को पहले चरण में लाभ मिलेगा। 10 अप्रैल से कार्ड मिलेगा।

1 माह में 1 लाख परिवारों को मिलेगी सुविधा

दिल्ली सरकार ने बताया कि समझौते के साथ ही योजना के तहत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में एक लाख परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। योजना के पहले चरण के लिए एएवाई और पीआरएस कार्ड को चुना है। इसके अलावा दूसरे नियम भी बनाए जा रहे हैं। समझौते के साथ ही योजना में शामिल करने के लिए नियम और शर्त सार्वजनिक हो जाएंगे। इन्हीं नियमों के तहत दिल्ली के सभी लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी।

राज्यपाल आरिफ का बड़ा बयान, बिल का समर्थन किया

वक्फ की संपत्ति पर गैर-मुस्लिमों का भी हक एक भी अनाथालय और अस्पताल नहीं खुला

वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की जरूरतमंदों के लिए होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की मानी जाती हैं। इसका इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। गैर मुस्लिमों का भी वक्फ की संपत्तियों में बराबर का हक है। खान ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब मैं यूपी में मंत्री था तब वक्फ विभाग मेरे पास ही था। हर समय मुझे ऐसे लोगों से मिलना पड़ता था, जिनके संपत्ति के मामले चल रहे थे। खान ने कहा कि इसमें बहुत सुधार की जरूरत थी। यह वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष भड़के

विरोधी पॉलिटिकल मुसलमान और इस्लाम में पुतला दहन नहीं होता

देहरादून। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा है कि जो लोग वक्फ (संशोधन) बिल का विरोध कर रहे हैं, वे पॉलिटिकल मुसलमान हैं। शादाब शम्स ने कहा कि इन दिनों वक्फ बिल के विरोध में पुतले दहन किए जा रहे हैं लेकिन पुतला दहन इस्लाम का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में दहन का कोई कांसेप्ट ही नहीं है। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या अरब में दहन होता है? शादाब शम्स ने कहा कि पुतले दहन करने वाले या तो मुसलमान नहीं हैं या फिर ये पॉलिटिकल मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग गरीब मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

ओवैसी के बाद सुप्रीम कोर्ट में अमानतुल्लाह ने दी चुनौती

नई दिल्ली। आप के नेता और विधायक अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक की वैधता को चुनौती दी है।

'भारत कुमार' को नम आंखों से किया 'नमन'

मुंबई। मनोज कुमार के अंतिम संस्कार के पूर्व अभिनेता की पत्नी शशि गोस्वामी पति के पार्थिव शरीर से लिपटकर फूट-फूटकर रोती रहीं। 'भारत' कुमार की पार्थिव देह को मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए अग्नि को सौंपा गया। उन्हें राजकीय सम्मान दिया गया था। निर्माता- निर्देशक सुभाष घई, अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन, राजबब्बर और राजपाल यादव समेत बड़ी हस्तियां अंतिम संस्कार में शामिल हुईं।

रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक का फाइनल ट्रायल पूरा

ड्रोन के सहारे भक्तों पर होगा सरयू के जल का छिड़काव

▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम नवमी का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसका मुख्य आकर्षण रामलला का सूर्य तिलक होगा। सूर्य की किरणें बालक राम के मस्तक का अभिनंदन करेंगी। यह दुर्लभ संयोग 4 मिनट तक रहेगा। शनिवार को इसका आखिरी ट्रायल हुआ। ट्रायल को कराने के दौरान इसरो के साथ-साथ आईआईटी रुड़की और चेन्नई के एक्सपर्ट मौजूद रहे। रविवार की दोपहर ठीक 12 बजे भगवान सूर्य रामलला के ललाट का तिलक करेंगे। साथ ही भक्तों पर ड्रोन से सरयू का जल छिड़का जाएगा।

श्रीराम जन्मोत्सव पर अयोध्या में 2.50 लाख दीप जलाएंगे

श्रीराम जन्मोत्सव पर अयोध्या में 6अप्रैल को 2.5 लाख दीप जलाए जाएंगे। रामनगरी में दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय यह आयोजन शनिवार से शुरू हुआ। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रामकथा पार्क में हस्तशिल्प, फूडकोर्ट, ओडीओपी आदि स्टॉल प्रदर्शित किए गए हैं। इसका शुभारंभ आज किया गया था। इसके तहत सुबह सात बजे से देर शाम तक हेरिटेज वॉक कराई गई। इसके अंतर्गत श्रीराम मंदिर, हनुमानगढ़ी के साथ विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया।

ड्रोन से भक्तों पर छोड़ी गई सरयू जल की फुहार

श्रद्धालुओं पर ड्रोन से सरयू जल की फुहार छोड़ने का ट्रायल शनिवार को हुआ। देर शाम को ड्रोन से रामपथ पर सरयू जल की फुहार श्रद्धालुओं पर डाली गई। यह पहली बार है जब श्रद्धालुओं पर आसमान से सरयू जल की वर्षा की जा रही है। रामनवमी पर भी श्रद्धालुओं पर ड्रोन से सरयू जल की फुहार छोड़ी जाएगी।

मठ-मंदिरों में आयोजन की धूम

अयोध्या में इस बार रामनवमी का आयोजन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होने जा रहा है। अयोध्या उत्सव में लीन है। मठ-मंदिरों में सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों की धूम है। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित रामोत्सव 2025 का भी शुभारंभ शनिवार को हेरिटेज वॉक से हुआ। उद्घाटन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। शाम को रामकथा पार्क में सांस्कृतिक संध्या हुई।श्री राम जन्मोत्सव को और खास बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने हेरिटेज वॉक का आयोजन किया।

प्राचीन रंगमहल में बिखर रही श्रीरामजन्मोत्सव की अद्भुत छटा

रामजन्मभूमि परिसर से सटे श्रीराम के कुलदेवता के मंदिर प्राचीन रंगमहल में श्रीरामजन्मोत्सव की अद्भुत छटा बिखर रही है। मान्यता के अनुसार यहां कभी श्रीराम के कुलदेवता रंगजी का मंदिर था। रंगजी का समीकरण श्रीराम के ही पूर्व संस्करण भगवान विष्णु से स्थापित किया जाता है। रंग जी की परंपरा को नए सिरे से सहेजने का श्रेय स्वामी सरयू शरण को दिया जाता है। स्वामी सरयू शरण की परंपरा को पूरे गौरव से आगे बढ़ा रहे महंत रामशरण दास के संयोजन में प्राचीन रंगमहल में रामचरित मानस का नवाह पाठ, सुंदरकांड पाठ, श्रीरामस्तुति, दुर्गासप्तशति का पाठ संचालित है। मंदिर में रविवार को ठीक दोपहर 12 बजे रामजन्मोत्सव की धूम होगी। बधाई गान सुनाने के लिए दूर-दूर से कलाकार आए हैं, जो शानदार प्रस्तुति देंगे।

डीएलएफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

अवैध निर्माण के तोड़फोड़ पर लगाई रोक, यहां यथास्थिति बनाए रखें

हरियाणा सरकार से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम के आरडब्ल्यूए फेज एक से पांच में अवैध निर्माण के खिलाफ चल रही तोड़फोड़ की कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगाते हुए 'स्थिति जैसी है, वैसी ही बनी रहने' का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और अरविंद कुमार की पीठ ने आरडब्ल्यूए कुतुब एन्क्लेव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका में हरियाणा सरकार के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। पीठ ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा और कहा कि अगली सुनवाई तक सभी पक्ष वर्तमान स्थिति बनाए रखें। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आरडब्ल्यूए भी कोई निर्माण नहीं गिराएगा। इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने 19 अप्रैल तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश जारी किया था।

चिंतन

बिम्सटेक में भारत के लिए बेहतर मौके

पड़ोसी देशों में मची राजनीतिक हलचल, प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ती चीनी नजदीकियां और बदल रही निष्ठाओं के बीच बिम्सटेक की थाईलैंड में बैठक भारत के लिहाज से अहम है। बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) में भारत ही सबसे मजबूत सदस्य है और बाकी सदस्य भारत के सब पड़ोसी देश हैं। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य देश हैं। ऐसे में भारत बिम्सटेक को आगे ले जा सकता है और अपने लिए अवसर पैदा कर सकता हे। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में हुई दो दिवसीय बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में म्यांमा और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने, सदस्य देशों के बीच ट्रेड बढ़ाने, सीमा सुरक्षा को लेकर सहयोग, नशे की तस्करी रोकने पर सहमति बनी है। बिम्सटेक बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा है। भारत के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों का सामरिक महत्व है, ये न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक रूप से भी जुड़े हैं। अर्थव्यवस्था के लिहाज से छोटे हैं व भारत पर अधिक निर्भर देश हैं। इन देशों के साथ चीन भी अपने संबंध मजबूत करने में लगा है, जो भारत के पड़ोस तक चीनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। नेपाल में वामपंथ शासन के बाद नेपान व चीन करीब आए हैं। श्रीलंका चीन के साथ जुड़ा और हाथ जलाने के बाद सतर्क है। म्यांमार में सैन्य तख्ता पलट के पीछे चीनी हाथ माना गया है। म्यांमार की सैन्य सरकार को चीन, रूस व बेलारूस का ही समर्थन प्राप्त है। बांग्लादेश में भी कट्टर इस्लामिक दलों के सत्ता पर कब्जे के बाद से ढाका की बीजिंग व इस्लामाबाद से नजदीकी बढ़ी है। इन परिस्थितियों में पीएम मोदी की बैठक से अलग मोहम्मद यूनुस से मुलाकात हुई है, जो रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने भारत विरोधी बयानों के प्रति यूनुस को सचेत किया है व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की है। पीएम नेपाली पीएम केपी ओली से भी मिले हैं, नेपाल में अभी राजशाही के लिए आंदोलन चल रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में मोदी व ओली की मुलाकात उल्लेखनीय है। भारत व नेपाल के संबंध अभी उतार-चढ़ाव दौर से गुजर रहे हैं। पीएम मोदी की म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी बातचीत हुई है, इसमें भारत का मानवीय पक्ष है, म्यांमार भीषण भूकंप के बाद तबाही से प्रभावित है, भारत मदद कर रहा है और आगे भी मदद का वादा किया है। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग की उपस्थिति के कारण बिम्सटेक की बैठक विवादों में भी रही, कारण जनरल ह्लाइंग को वर्ष 2021 में सत्ता पर काबिज हाने के बाद से कई वैश्विक सम्मेलनों में शिरकत नहीं करने दी गई है। भारत की कोशिश बिम्सटेक देशों की सामरिक सुरक्षा, आपस में ट्रेड बढ़ाने, इन्फास्ट्रक्चर बढ़ाने के साथ चीनी प्रभाव को कम करने की है। म्यांमार, बांग्लादेश व नेपाल जैसे देशों को अपनी सुरक्षा व हित को तवज्जो देनी चाहिए और चीन से सतर्क रहना चाहिए। अमेरिकी टेरिफ वार के बाद से भारत अपने ट्रेड के लिए नए बाजार भी तलाश रहा है, जिसमें बिम्सटेक देश अहम हैं।

श्रद्धांजलि

ऋतुपर्ण दवे

देशप्रेम से प्रेरित फिल्मों का 'सूरज' अस्त

> यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे।

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। उनकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा।

यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। 24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे 'लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज'। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ और देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। इससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था।

वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला कि लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है।

अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों

में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए।

इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। उन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपये मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म 'कांच की गुड़िया' में ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म 'हरियाली और रास्ता' मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी ने कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए।

वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था, लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। इनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामयाब फिल्में हैं। उन्हें भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्मश्री और 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें एक नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले, जिनमें 1968 में 'उपकार' के लिए बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के अवॉर्ड शामिल हैं। आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ, हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे, दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार, तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

कर्म का महत्व

गीता रस्तोगी 'गीतांजलि'

कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कर्म के महत्व को बताते हुए कहा है- हे अर्जुन, तुम्हें केवल कर्म करने का अधिकार है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरंतर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो। गीता के समस्त अध्यायों का सार, इस एक श्लोक में ही निहित है। 'हम इतने पूजा-पाठ करते हैं, फिर भी हमें उनका फल नहीं मिलता', कई भक्त ऐसा सोचते होंगे। कोई विद्यार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने पर भी कुछ ऐसा ही सोच सकता है। किसी संस्थान के कर्मचारी पदोन्नति न होने पर दूसरे कर्मचारियों से अपनी तुलना करके दुखी हो जाते हैं। ऐसा जीवन के विविध आयामों में देखने को मिलता है। घर में भी भाई-बहनों के मन में आ सकता है कि मेरे मम्मी-पापा, मेरे भाई या बहन को मुझसे अधिक प्यार करते हैं। यह विचारधारा सिद्धांत रूप से ही गलत है और अपनाने योग्य बिल्कुल भी नहीं है। विचार भी एक प्रकार से आंशिक कर्म ही है और इस प्रकार के नकारात्मक कर्म आपको कर्त्तव्य की दिशा से विपरीत दिशा में ले जाते हैं। आपके कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में जिस ऊर्जा का प्रयोग होना चाहिए, उसका उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को खरीद कर ले आने जैसा होता है। उपासना भी एक कर्म है। इसके रूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उद्देश्य भी। कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है। जिस समय आप पूर्ण मनोयोग से किसी कर्त्तव्य का निर्वाह करते हैं उस समय आपका 'स्व' उस कर्त्तव्य में विलीन हो जाता है और केवल कर्म ही शेष रह जाता है। कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयमेव ईश्वर को अर्पित हो जाता है क्योंकि उसमें अहंकार का लेश मात्र भी नहीं रहता। अतः फलत्याग कर कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयं ही आराध्य की उपासना है। नवरात्र उपासना का एक विशेष पर्व है। प्रार्थना के समवेत स्वर जब करुणामयी मां शक्ति की करुणा के द्वार खटखटाते हैं तो मां उस पुकार को अनसुना नहीं कर पाती। अपने घर के बच्चे जब प्रातः सायं आदरपूर्वक अभिवादन करते हैं तब आशीर्वाद देने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता; वरन यह स्वयं प्रस्फुटित होता है। घर में कहीं कोई बिगाड़ हो रहे हों तो खाली आशीर्वाद से काम नहीं चलता। यहां पर कर्म की आवश्यकता पड़ती है। यदि आप रोगग्रस्त हो जाएं तब चिकित्सक के पास जाना ही श्रेष्ठ कर्म है; प्रार्थनाएं साथ हों तब शीघ्र रोगोपचार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। संस्थानों में समय-समय पर ऑडिट होते रहते हैं। तब हर एक कर्मचारी चाहता है कि उसकी सभी रिपोर्ट्स अप टू द मार्क जाएं। संस्था का प्रमुख भी यही चाहता है। किसी भी कंपनी को आधिकारिक प्रॉफिट में लाने के लिए श्रेष्ठ नीतियों का निर्माण व उनका अनुपालन नितान्त आवश्यक है। आध्यात्म के क्षेत्र में भी ऐसा ही है। प्रार्थना का प्रयोजन स्पष्ट होना चाहिए। व्यक्तिगत उन्नति के हम कर्म व प्रार्थना करते हैं तब सामूहिक उन्नति के लिए कर्म व प्रार्थना भी नियमित रूप से किए जाने चाहिए। जब भी कोई बड़ा मिशन होता है तब वह सब के सहयोग से ही संपन्न होता है। जब देश पराधीन हो गया था तब भी सामूहिक प्रयासों से ही स्वाधीनता प्राप्त हुई। आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन मुझे याद आता है जिसमें उन्होंने शुभ प्रयोजन के लिए बड़े जमींदारों को भूमि दान के लिए प्रेरित किया और अपेक्षा से अधिक सहयोग प्राप्त किया। आज मानव समाज विशेष प्रकार की समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। भौतिकता की चकाचौंध में आत्मा गुलाम हो गई प्रतीत होती है, जिसके कारण भांति-भांति की विसंगतियां जन्म लेती हैं। इन सब के समाधान के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। हमारे पास एक विशाल संपत्ति है। यह है, विशाल जनसमूह की शक्ति। इसके बल पर हम भारतवासी बड़ी से बड़ी समस्या को हल करने की सामर्थ्य रखते हैं। साथ ही हमारे पास अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। शिक्षा व तकनीक में भी हम किसी भांति कम नहीं। आवश्यकता है तो समस्त शक्तियों के एकजुट होकर सही दिशा में कार्यान्वयन की। हमारे घर के बुजुर्ग भी इस मानवता मिशन में अपना भरपूर योगदान दे सकते हैं। बच्चों, वृद्ध, युवा सभी को अपने समय का कुछ भाग प्रतिदिन मानवता के कल्याण के कार्यों में अवश्य ही निवेश करना चाहिए। आत्म सुधार को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास किया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब हम सतयुग व रामराज्य के दर्शन अपनी आंखों से कर पाएंगे। साथ ही भावी पीढ़ियों के लिए एक सद्भाव व भाईचारे का संदेश देकर उन्हें भी जीवन की सार्थकता से अवगत करा सकेंगे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट

संकलित

दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

जब मन हो अशांत मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा।

परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। - संतोष ठाकुर, पटेवा

ट्रेंड

वक्फ विधेयक की बधाई

प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में संसद के दोनों सदनों में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025' के पारित होने की सभी को बधाई! यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

स्वच्छता पखवाड़ा

हमने 1 से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की शुरुआत की है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, स्वच्छता सरकारों के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रयासों से प्राप्त की जा सकती है, आज स्वच्छता अभियान सामाजिक आंदोलन बन गया है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति

पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोज़र अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर चलता है,इसमें इंसाफ़ की लगाम नहीं है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

मनोज कुमार को विदाई

महान अभिनेता मनोज कुमार को विदाई, एक ऐसे आइकन जिन्होंने स्क्रीन पर देशभक्ति को परिभाषित किया। भारतीय सिनेमा और भारत की भावना में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

-सुनील शेट्टी, अभिनेता

सत्ता बनाम सत्य

ना हो चूर ए देश के इंसा, इसकदर अंधभक्ति में,
एक दिन बिकेगा देश ऐसे, जैसे बिकती बर्फ बस्ती में।

सत्ता के सौदागर, जब देश को व्यापार समझें,
जनता की मजबूरी को, बस उनका उपहार समझें।

जो बोलते हैं सदैव सच, वो गद्दार कहलाते हैं,
झूठ का झंडा उठाये जो, नेता फिर बन जाते हैं।

देश कभी धर्म से नहीं, कर्म से बड़ा होता है,
जो देश को ही बेच दे, वो कैसा भगवा होता है।

अब भी वक्त है,जाग जा, बंद जुबां को खोल दे,
हक़ की खातिर लड़ पड़, जुल्म की जड़ें तोड़ दे।

मंदिर मस्जिद में उलझ, भूख-प्यास को भूल गए,
रोटी मांगने निकले थे, धर्म के जाल में झूल गए।

दीपदीपिका धर्म की आड़ में, जो सत्ता को ढालते हैं,
वो ही इस मिट्टी को, नफ़रत की आग में डालते हैं।

लेखक - दीपदीपिका(मोलावास)

ऑफ बीट

पृथ्वी के ऊपरी सतह के रहस्यों का पता चला

पृथ्वी आज एकमात्र ज्ञात ग्रह है जिस पर प्लेट टेक्टोनिक्स हैं। ग्रह के मैग्मा पर चट्टानों के इन विशाल स्लैब की निरंतर गति से महाद्वीप बनते हैं और शायद इससे जीवन का सृजन करने में भी मदद मिली हो। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि अपने शुरुआती रूप में, ग्रह में प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं थीं और इसके बजाय इसकी विशेषता स्थिर सतह (एक ढक्कन की कल्पना करें) रही होगी - मंगल ग्रह के समान। दूसरों का कहना है कि इसकी विशेषता एपिसोडिक, स्टॉप-स्टार्ट टेक्टोनिक्स रही होगी। प्लेट टेक्टोनिक्स महासागरों और वायुमंडल की संरचना से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि प्लेटों की निरंतर गति कार्बन और अन्य तत्वों को भी इधर-उधर ले जाती है। यह पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी कैसे निकलती है, इससे भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इस वजह से, प्लेट टेक्टोनिक्स को पृथ्वी पर जीवन के विकास से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट टेक्टोनिक प्लेटों की गति उनकी सीमाओं पर ज्वालामुखी गतिविधि उत्पन्न करती है। लेकिन द्वीप चापों पर, जैसे कि तथाकथित रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर को घेरता है, इस ज्वालामुखी की एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट है जो आज के औसत महाद्वीपीय सतह के लगभग समान है।

जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग में एक की मौत

हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर फायरिंग कर दी। हादसे में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। हादसे में दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामला गोलूवाला थाना क्षेत्र के 5 एलकेएस गांव का है। गोलूवाला थानाप्रभारी राकेश सांखला ने बताया कि कपिल बिश्नोई और राकेश बिश्नोई आपस में ममेरे भाई हैं। इन दोनों में पिछले काफी समय से जमीन विवाद चल रहा है। देर रात 2 बजे सुभाष नायक और घायल राकेश बिश्नोई गांव 5 एलकेएस स्थित कपिल बिश्नोई की ढाणी के पास जमीन पर कब्जा करके की नियत से आए थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में आपसी विवाद हो गया। आपसी विवाद में पिस्तौल से फायर होने के चलते मघेवाला जैतसर निवासी सुभाष नायक (45) की मौत हो गई। थानाप्रभारी ने बताया कि मानकसर निवासी राकेश बिश्नोई कस्सी के वार से घायल हो गया। घायल को सीएचसी पीलीबंगा में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर राकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान कपिल बिश्नोई पक्ष की कई महिलाओं को चोट लगी है। दोनों पक्षों के बीच में रात को लाठी भाटा जंग भी हुई। मृतक के शव को सीएचसी की मॉर्चुरी में रखवाया गया है। सूचना मिलते ही सीओ मीनाक्षी मौके पर पहुंचीं। थानाप्रभारी ने बताया कि अभी 4 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया है। टीम वारदात से जुड़े साक्ष्य एकत्रित कर रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

यूरोप भेजने के नाम पर 1.50 लाख हड़पे, कॉल करके झांसे में लिया



सीकर

सीकर के फतेहपुर सदर थाना इलाके में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। भाई के साथ काम करने वाले शख्स ने ही धोखाधड़ी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उदनसरी निवासी ताराचंद ने फतेहपुर सदर थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि आज से करीब 6 महीने पहले उनके पास नेठवा निवासी रामस्वरूप का कॉल आया। रामस्वरूप ने ताराचंद को कहा कि वह उसके भाई की कंपनी में ही काम करता है। रामस्वरूप ने कहा कि वह ताराचंद के भाई जो कि ड्राइवर का काम करता है उसको यूरोप के मालटा में भेज देगा। रामस्वरूप ने ताराचंद की उसके भाई से बात भी करवाई और 3 लाख रुपए देने की बात कही। उसके बाद रामस्वरूप इंडिया आ गया। और आज से करीब 5 महीने पहले रामस्वरूप ताराचंद के घर पर आकर डेढ़ लाख रुपए ले गया और कहा कि आपके भाई को 3 महीने में यूरोप भेज दूंगा। बाकी पैसे बाद में दे देना। लेकिन अब रामस्वरूप न तो वीजा दे रहा है और न ही पैसे वापस कर रहा है। पहले तो कई दिनों तक रामस्वरूप ने कॉल अटेंड नहीं किया और अब फोन पर धमकी देता है कि ज्यादा फोन किया तो मुकदमा कर दूंगा। फिलहाल अब फतेहपुर सदर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बूंदी में 35 साल के कॉन्स्टेबल की हार्टअटैक से मौत

बूंदी

बूंदी में 35 साल के कॉन्स्टेबल की हार्टअटैक से मौत हो गई। कॉन्स्टेबल की गुरुवार रात को कंट्रोल रूम में ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान उनके सीने में दर्द हुआ। इस पर वह खुद ही डॉक्टर को दिखाने अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टर ने उनकी ईसीजी करने के साथ ही अन्य जांचें की और इलाज शुरू किया। देर रात इलाज के दौरान कॉन्स्टेबल ने दम तोड़ दिया। कोतवाली थाने के हेड कॉन्स्टेबल बनवारी लाल ने बताया- कॉन्स्टेबल राजेंद्र कुमार (35) निवासी हनुमानगढ़ की बूंदी पुलिस कंट्रोल रूम में ड्यूटी थी। गुरुवार रात को करीब 10.30 बजे उसके सीने में अचानक दर्द हुआ। इस पर राजेंद्र खुद डॉक्टर को दिखाने के लिए जिला अस्पताल गया था। डॉक्टर ने जांच करवाने के बाद इलाज शुरू किया, लेकिन रात करीब 1 बजे उसने दम तोड़ दिया। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया- कॉन्स्टेबल की मौत की जानकारी मिलने पर एसपी राजेंद्र कुमार मीणा, एएसपी उमा शर्मा और डीएसपी अरुण मिश्रा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। सभी ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया। जिला अस्पताल में शुक्रवार सुबह 9 बजे पोस्टमॉर्टम के बाद शव उनके ससुर लादूलाल को सौंप दिया गया। कंट्रोल रूम प्रभारी फारूक हुसैन ने बताया कि राजेंद्र एक होनहार और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके असामयिक निधन से पूरा विभाग शोक में है।

नाबालिग से रेप के दोषी को आजीवन कारावास, 23 गवाह और 24 दस्तावेज किए पेश

झालावाड़

झालावाड़ की पॉक्सो कोर्ट नंबर-1 ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने नाबालिग से रेप के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। विशिष्ट लोक अभियोजक रामहेतार ने बताया कि दोषी सीकर जिले का रहने वाला है। मामला 26 मार्च 2023 का है। पीड़िता अपने भाई के साथ रात 8 बजे डेयरी पर दूध देने गई थी। उसी दौरान आरोपी पीड़िता को जबरन अपनी बाइक पर बिठाकर ले गया। पीड़िता के परिजनों ने 27 मार्च को पनवाड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 16 अप्रैल को पीड़िता को बरामद किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी ने 26 मार्च से पहले भी गांव के खेत में उसके साथ रेप किया था। इस बार वह उसे अपने साथ ले गया। पनवाड़ पुलिस 16 अप्रैल 2023 को पीड़िता को सीकर से डिटेन कर पनवाड़ थाने ले आई। पुलिस ने पीड़िता के बयान, मजिस्ट्रेट बयान और मेडिकल परीक्षण के बाद धाराएं जोड़कर आरोपी को 22 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया। पुलिस ने कोर्ट में प्रकरण में चालान को पेश किया। विशिष्ट लोक अभियोजक रामहेतार गुर्जर ने राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी करते हुए प्रकरण में 23 गवाह और 24 दस्तावेज पेश किए। जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 78 हजार के जुर्माने से दंडित किया।

किरोड़ी पर बोले पायलट-काम नहीं करना तो दुकान बंद करें, राइजिंग राजस्थान पर कहा- घोषणा के बाद निवेश नहीं आ रहा, यह शर्मनाक

दौसा

दौसा के रलावता गांव में शुक्रवार को हुए किसान सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने किरोड़ी लाल मीणा, राजस्थान राइजिंग समेत कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें काम नहीं करना तो अपनी दुकान बंद कर लें। राइजिंग राजस्थान को लेकर कहा- घोषणा के बाद भी निवेश नहीं आ रहा है, यह शर्मनाक है। पायलट आज दोपहर 2 बजे दौसा जिला मुख्यालय के पास रलावता गांव पहुंचे थे। उन्होंने किसान सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन को संबोधित करने से पहले उन्होंने रलावता में अपने पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया। कहा- पिता के फौजी होने पर मुझे गर्व है।

दुकान बंद कर लें किरोड़ी लाल मीणा

पायलट ने कहा- प्रदेश में सरकार को डेढ़ साल का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। क्या उपलब्धियां हैं? कौन मंत्री है या नहीं है, जिनको (किरोड़ी)

जिम्मेदारी दी है, उनको निर्वहन करना चाहिए। जनता ने मौका दिया है, चाहे पूरा नहीं तो आधा ही दिया हो, लेकिन काम करना चाहिए। यदि काम नहीं कर पाए तो दुकान बंद कर देनी चाहिए। यह भी करना है, वह भी करना है। आधे मन से काम नहीं हो सकते। अगर जन सेवा करने का मौका मिले तो प्रत्येक राजनीतिक दल को पूरे समर्पण भाव के साथ काम करना चाहिए। पायलट ने कहा- दिल्ली में नेताओं को खुश करने के लिए राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए। अब घोषणा के बाद निवेश आ नहीं आ रहा है। यह राजस्थान की जनता के लिए शर्मनाक बात है कि सरकार का कोई फोन उठा नहीं रहा है। कोई व्यक्ति एमओयू को लेकर सामने नहीं आया। विपक्ष के लोगों को बेवजह टारगेट किया जा रहा है। यह सरकार को शोभा नहीं देता। पुलिस-प्रशासन और सरकारी तंत्र पर सरकार की नहीं चल रही। इससे बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है।

किसान के लिए फसल खरीद कानून बने, युवाओं को मिले नौकरी

पायलट बोले- इस इलाके में इस बार बहुत अच्छी बारिश और फसल हुई है। किसानों के साथ ऊपर वाला तो न्याय कर रहा है, लेकिन सरकार में बैठे लोग फसल खरीद पर न्याय नहीं कर रहे। फसल खरीद पर कानून बनाने की बात कही तो केंद्र और राज्य सरकार चुप हो गई। फौजियों के मुद्दे पर सरकार चुप है, युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए साधन उपलब्ध कराने पड़ेंगे, लेकिन सरकार सिर्फ घोषणाएं कर रही है। जो लोग सत्ता में बैठे हैं उनको भी सोचना पड़ेगा कि धर्म, मंदिर-मस्जिद और हिंदू-मुसलमान के नाम पर सत्ता हथियाते रहोगे। जब किसान और नौजवान हताश हो जाएगा तो वह जवाब मांगेगा, समय रहते सरकार को सार्थक कदम उठाने चाहिएं।

परिसीमन में सिकराय कहां होगा, पता नहीं

पायलट ने कहा- संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया अपने भाषण में कह रहे थे कि टिकट मांगते-मांगते नौजवानों के घुटने ढीले हो जाते हैं। अभी ये विपक्ष की राजनीति करते हुए सरकार के घुटने ढीले कर रहे हैं। यह क्षेत्र पहले दौसा विधानसभा क्षेत्र में और बाद में सिकराय में शामिल हुआ। आने वाले दिनों में परिसीमन के बाद कहां होगा, इसका कोई पता नहीं है। यहां के सर्व समाज के लोगों ने हमेशा एकजुटता की पहल करते हैं। एक-दूसरे को मान सम्मान देते हैं। मजबूरी में कोई साथ रहे वह अलग बात है, लेकिन सबका सम्मान करते हुए आगे बढ़ने का उदाहरण दौसा जिले में स्थापित किया है। यहां के लोगों ने अच्छे-बुरे समय में एक-दूसरे का साथ दिया। पिछले 40- 45 साल में जो आशीर्वाद मुझे दिया उसका मैं हमेशा कायल रहूंगा। पायलट ने कहा- सरकार लगातार दावा कर रही है कि हम पेपर लीक के बड़े मगरमच्छों को पकड़ेंगे। सभी एजेंसी होने के बावजूद दोषियों को पकड़ नहीं आ पा रहे हैं। सरकार के ऊपर सवाल उठ रहे हैं। उनके पास जरूर कुछ छिपाने के लिए होगा, उसकी मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। पायलट ने कहा- राजनीति में कभी अपना लक्ष्य नहीं बदलना चाहिए। जब हम सत्ता में होते हैं तो संसाधन ज्यादा होते हैं, अधिकारी और सरकारी मशीनरी से विकास के काम आसानी से करवाए जा सकते हैं, विपक्ष में होते हैं तो सरकार को आइना दिखाना होता है।

भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तोड़ी, हंगामा, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर प्रदर्शन

लालसोट

दौसा में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। इसको लेकर लोगों ने हंगामा कर दिया। घटनास्थल पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। हालात को देखते हुए मौके पर 3 थानों की पुलिस और आरएसी (राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी) के जवानों को तैनात किया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा कस्बे में बस स्टैंड पर हुई। थाना इंचार्ज रामशरण गुर्जर ने बताया- 3 साल पहले बस स्टैंड पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। काले पत्थर से बनी प्रतिमा के हाथ में तीर था। इसके पिछले सिरे को गुरुवार रात अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया। पिछला हिस्सा मौके पर ही पड़ा मिला। रात में पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। स्थानीय लोगों ने रामगढ़ पचवारा थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थाना इंचार्ज ने बताया- बिरसा मुंडा की मूर्ति को खंडित करने पर स्थानीय लोग बस स्टैंड पर जुटने लगे और नारेबाजी करने लगे। कुछ लोग

मूर्ति के पास ही बस स्टैंड पर धरना देकर बैठ गए और नारेबाजी की। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरने में रामगढ़ पचवारा नगरपालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक समेत कई लोग मौके पर जुट गए। हालात को देखते हुए रामगढ़ पचवारा, लालसोट और मंडावरी थानों की पुलिस और (राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी) के जवानों को मौके पर तैनात कर दिया गया। तहसीलदार मदनलाल मीणा धरनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाया। बता दें कि 2022 में कुछ अज्ञात लोगों ने बिना अनुमति यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर और बिरसा मुंडा की प्रतिमाएं स्थापित कर दी थीं। तब तत्कालीन मनीष अग्रवाल ने रामगढ़ पचवारा थाना के 3 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। तब से दोनों प्रतिमाएं यहां लगी हुई हैं।

रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने दो घंटे तक किया प्रदर्शन

चूरू

चूरू में रोडवेज बस डिपो के सामने हुए दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम को हुई इस घटना में युवक अपने भाई के घर से बाइक पर लौट रहा था। मृतक मुस्लिम लुहार (21) के परिजनों ने शुक्रवार को डीबी अस्पताल की मॉर्च्युरी के सामने प्रदर्शन किया। वार्ड पार्षद शाहरुख खान के नेतृत्व में लोगों ने रोडवेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की तीन प्रमुख मांगें थी। बस ड्राइवर की गिरफ्तारी, मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और ड्राइवर का लाइसेंस रद्द करना। कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई दाऊद की शिकायत पर बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों की मांगों को उच्च अधिकारियों और राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा। लगभग दो घंटे की समझाइश के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

मस्जिद में किसने लगाई आग पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 3 को पकड़ा, लोगों में आक्रोश

बाड़मेर

बाड़मेर जिले के बीजराड़ गांव में मस्जिद में आग लगाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1 व्यक्ति को गिरफ्तार और 2 नाबालिगों को निरुद्ध किया है. घटना बुधवार देर रात की है, तब गांव की बस्ती से दूर स्थित एक मस्जिद में आग लग गई थी. पास के घरों के ग्रामीणों ने धुआं निकलते देखा और मस्जिद पहुंचकर आग पर काबू पाया. मस्जिद में रखे धार्मिक ग्रंथ कुरान को जलाए जाने की बात सामने आई. इसके बाद ग्रामीणों ने इसे साजिश करार दिया.

मुस्लिम समुदाय में आक्रोश, पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद के बाहर एकत्र हो गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीणा गुरुवार तड़के बीजराड़ पहुंचे. उन्होंने आक्रोशित लोगों को शांति बनाए रखने की समझाइश दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया. एसपी ने पूरे दिन बीजराड़ थाने में कैंप किया. पुलिस ने हर गतिविधि पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया.

फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, तकनीकी आधार पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए. शुरुआत में एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया, लेकिन उसकी भूमिका साबित न होने पर उसे छोड़ दिया गया. शाम तक पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर मुख्य आरोपी बीजराड़ निवासी मुकेश पुत्र मूलाराम मेघवाल को हिरासत में लिया. पूछताछ में दो नाबालिगों के शामिल होने की जानकारी मिली, जिसके बाद दोनों को निरुद्ध कर लिया गया. इस कार्रवाई के बाद मस्जिद के बाहर एकत्रित मुस्लिम समुदाय शांत हुआ.

बोरिंग मशीन चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, पिकअप की जब्त

हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ में भादरा पुलिस ने बोरिंग मशीन चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई मशीन और उपकरण भी बरामद कर लिए गए हैं। मामला 28 मार्च 2025 का है, जब डुंगरबास के निवासी सुबेसिंह ने भादरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि चक 7 बारानी में स्थित अपनी कृषि भूमि पर सबमर्सिबल बोरिंग का काम करवा रहे थे। 27 मार्च को कोई अज्ञात व्यक्ति बोरिंग मशीन, मोटर और अन्य उपकरण चुराकर ले गया। पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नोहर राज कंवर और वृताधिकारी भादरा संजीव कटेवा के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी भूप सिंह सहारण ने कार्रवाई की। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में फतेहाबाद जिले के भूना थाना क्षेत्र के कानीखेड़ा निवासी सुनील कुमार (27), लहरिया निवासी सुनील कुमार (25) और रामफल (38) शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी में इस्तेमाल की गई पिकअप और चोरी का सामान बरामद किया है। इस कार्रवाई में एएसआई जगदीश प्रसाद, कॉन्स्टेबल रणजीत, देवीलाल और राजेश की टीम शामिल रही।

सड़क हादसे में घायल पुलिसकर्मियों को ले जा रही थी एम्बुलेंस, दीवार से जा भिड़ी

जोधपुर

जोधपुर में एएसपी समेत 4 घायल पुलिसकर्मियों को लेकर आई एंबुलेंस हॉस्पिटल की दीवार से भिड़ गई। बालोतरा में शुक्रवार सुबह 11.15 बजे नेशनल हाईवे-25 पर पुलिसकर्मियों की गाड़ी क्रेटा कार से टकरा गई थी। इसमें ASP, ASI समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घायल पुलिसकर्मियों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर आए थे। एंबुलेंस के टकराने से हॉस्पिटल में खड़े एडिशनल एसपी भी घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस में बैठा अटेंडेंट उछलकर गिरा। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया- बायतु थाना इलाके के बनिया संधा धोरा के पास हुए सड़क हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों को पहले बायतु हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से सभी को जोधपुर रेफर किया गया। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से बनाकर दोपहर करीब 1.40 बजे जोधपुर लाया गया। एमडीएम हॉस्पिटल में तेज रफ्तार में आई एंबुलेंस को ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया। इससे एंबुलेंस ट्रॉमा वार्ड की दीवार से भिड़ गई। घायलों को रिसीव करने पहुंचे जोधपुर ग्रामीण के एडिशनल एएसपी भोपालसिंह को मामूली चोटें आई हैं। दीवार पर लगी रेलिंग और कांच टूट गए। एसपी हरिशंकर ने बताया- पुलिस की कार (महिंद्रा टीयूवी) में जोधपुर रेंज आईजी कार्यालय में पोस्टेड अरविंद विश्नोई पुत्र देवाराम निवासी गुड़ाबिश्नोइयान, हुकम सिंह पुत्र नाथू सिंह चारण निवासी डांगियावास, कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी पुत्र भंवरलाल निवासी सालवा कल्ला और ड्राइवर (कॉन्स्टेबल) दिलीप मेघवाल पुत्र मानकलाल निवासी महामंदिर (जोधपुर) थे। सभी जोधपुर रेंज आईजी ऑफिस से बाड़मेर जा रहे थे। वहीं क्रेटा कार में सीईओ चौहटन के रीडर गोपी किशन मेघवाल सवार थे। साथ में उनकी पत्नी, बेटी और एक महिला रिश्तेदार थी। गोपी किशन परिवार के साथ बालोतरा की तरफ जा रहे थे। नेशनल हाईवे-25 पर दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। क्रेटा कार से टकराने के बाद पुलिस की कार रोड से उतरकर करीब 20 मीटर दूर जाकर झाड़ियों में पलट गई। कार में सवार सभी 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी की हालत गंभीर है। पुलिस लोगों की मदद से सभी को पहले बायतु हॉस्पिटल लेकर गई। वहां से जोधपुर रेफर कर दिया गया। क्रेटा कार में सवार सभी लोगों को हल्की चोटें लगीं। उनका बायतु में प्राथमिक इलाज किया गया और छुट्टी दे दी गई।

सड़कों की गुणवत्ता में कमी मिली तो ठेकेदार संग अधिकारी भी ज़िम्मेदार होंगे, जसबीर सैनी

मरुधर विशेष

सुनीता सैनी बावल रेवाड़ी सेक्टर -9ए में बन रही तारकोल की रोडो का निरिक्षण करने पहुंचे पूर्व पार्षद एवं ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें कहा की सड़कों की गुणवत्ता में कमी मिली तो ठेकेदार व अधिकारी दोनों ज़िम्मेदार होंगे द्य प्रदेश की नायब सरकार विकास कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करेंगी द्य इसलिए अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखे की टेंडर की शर्त अनुसार मौके पर काम हो द्य सेक्टर -9ए में कई जगह आमजन की शिकायत मिली की रोड बनाने में कोताई बरती गई है द्य जिस पर संज्ञान लेते हुए सैनी नें अधिकारिओं से बात कर उन्हें चेताया की जिस काम में कमी मिली उसी की विजिलेन्स जाँच होंगी द्य और जिस में ठेकेदार व अधिकारी दोनों ज़िम्मेदार होंगे इसलिए ऑफिस के ए. सी कमरों में बैठकर बिल मत बनाना काम की गुणवत्ता की जाँच कर बिल का भुगतान करना द्य सैनी नें सेक्टरवासिओं को विश्वास दिलाया की बहुत से टूटे रोड बनने रह गए है द्य जिन्हे जल्दी ही मुख्यमंत्री से मिलकर बनवाया जायेगा द्य वही जो रोड बन चुके है उनके लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वार्डवासिओं की तरफ से आभार व्यक्त करते है वही सैनी नें कहा की उन्हें बन रहे झज्जर रोड की भी शिकायत मिली है जहाँ नियमों की अनदेखी कर रोड बनाया जा रहा है इस पर भी अधिकारी संज्ञान ले द्य अन्यथा जाँच के लिए तयार रहे बहादुरगढ़ में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने किया नगर के उपजिला चिकित्सालय का निरीक्षण

मरुधर विशेष

संवाददाता सलीम खान डीग,-। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शनिवार को नगर में निर्माणाधीन उपजिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंच कर चल रहे कार्यों का मुआयना किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह प्रमुख मंशा है कि निर्माणाधीन कार्य जल्द से जल्द पूरे कर लिए जाए ताकि इसका लाभ आमजन तक पहुंच सकें। उन्होंने निर्माण कार्यों में इस्तेमाल में ली जा रही सामग्रियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और उच्च गुणवत्ता सामग्री से कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर में उपजिला चिकित्सालय बन जाने से स्थानीय लोगों को बहुत सी समस्याओं के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। यही कारण है कि इसके निर्माण की मॉनिटरिंग स्वयं गृह राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। अस्पताल भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए क्षेत्र में सुचारू चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों से विभाग द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से नगर के निर्माणाधीन अस्पताल की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही एवं प्रस्ताव प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत ब्यौरा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये7 साथ ही नव-निर्माणाधीन उपजिला अस्पताल के भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। डेंगू, चिकनगुनिया, स्वाईन फ्लू आदि मौसमी बीमारियों से सम्बंधित रोगियों का ब्यौरा प्राप्त किया और उनका कुशलक्षेम जाना साथ ही उनको प्रदान किये जा रहे उपचार एवं चिकित्सा सुविधायों की जानकारी भी प्राप्त की

राम नवमी के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन

मरुधर विशेष

कोटपूतली(सीताराम गुप्ता) भागवत धर्म एवं संस्कृति परिवार, कोटपुतली द्वारा चैत्र नवरात्र की राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी पुजा और ठाकुरजी महा अभिषेक से होगी, जिसमें श्रद्धालु भक्तजन भगवान का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। इसके पश्चात छप्पन भोग झांकी का दर्शन कराया जाएगा।झांकी के उपरांत हरिकथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों एवं उनकी लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। तत्पश्चात ठाकुरजी को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा सांय 4:30से 6:30 सांय तक । यात्रा के दौरान भक्तगण हरि कीर्तन करते हुए भगवान का गुणगान करेंगे। यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर (कृष्णा टॉकीज) से आरंभ होकर , शनि मंदिर, अग्रसेन तिराहा एवं बैंक वाली गली से होकर गुजरेगी।(नि. स)

रामनवमी के पावन पवित्र अवसर पर मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा द्वारा परमार वाडा स्थित बिड़ला मंदिर में रात्रि 8 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़: श्री रामनवमी के पावन पवित्र अवसर पर मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा द्वारा परमार वाडा स्थित बिड़ला मंदिर में रात्रि 8 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।मंडल के सचिव जितेन्द्र भट्ट ने बताया कि मानस मंडल इस आमंत्रण पर सभी समाज प्रमुखों व पंचों में हर्ष व्यक्त किया।और कहा कि रामनवमी के इस अवसर पर रामरस की अनुभूति करने सपरिवार बिड़ला मंदिर में उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी सौरभ भट्ट ने दी।

रकमा जिला डीग कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

मरुधर विशेष

आमिर खान कामा कामा - रकमा जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन कारीजी का मदरसा कामां पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अख्तर अली बिरार द्वारा की गई एवम विशिष्ट अतिथि श्रीमान तैयब हुसैन व्याख्याता रकमा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) जिला डीग के जिला अध्यक्ष अख्तर अली अध्यापक ने बताया कि बैठक में निम्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। 1. सत्र 2024- 26 की नवीन कार्यकारिणी का गठन। 2. अल्पसंख्यक छात्रों के लिए लाइब्रेरी पर चर्चा। 3. अल्पसंख्यक कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन को सुदृढ़ 4. अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय ,जामिया, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ,में कक्षा 6,9 ,11 में प्रवेश परीक्षा हेतु कोचिंग पर चर्चा। 5. रकमा संगठन में नवीन नवनियुक्त अल्पसंख्यक कार्मिकों को जोड़ना। तथा बैठक के दौरान नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन निम्न प्रकार किया जाता है। संरक्षक- श्री मान इबरान खान जी व्याख्याता 1. जिला अध्यक्ष - अख्तर अली अध्यापक 2. जिला उपाध्यक्ष- अब्दुल सलीम, साफिया बेगम, आरिफ खान। 3. सचिव- हसन मोहम्मद। 4. संयुक्त सचिव- अंसार खान। 5. महासचिव- स्योराब खान। 6. कोषाध्यक्ष- मौसम खान। 7. मंत्री- वकार युनुस। 8. जिला प्रवक्ता- सलमान खान। 9. सभाध्यक्ष- अकरम खान। 10. मीडिया प्रभारी- अकील। तथा महिला मंत्री- शबाना अंजुम को बनाया गया।

कुशलगढ़ में हनुमान जन्मोत्सव चल समारोह समिति की माता मगरी पर बैठक 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव भव्य एवं धूमधाम से मनाने हेतु

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़: बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ में हनुमान जन्मोत्सव समिति की माता मगरी पर बैठक 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव भव्य एवं धूमधाम से मनाने हेतु सर्व समाज युवा जन एवं वृद्ध जनो की की बैठक आयोजित हुई।जिसमें इस आयोजन को लेकर एक समिति गठित की गई जिसका प्रस्ताव सर्वानुमत से पारित कर समिति का नाम हनुमान जन्मोत्सव चल समारोह समिति रखा गया है। कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए हुई बैठक, जिसमें सभी सदस्यों को कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कहा गया।

बैठक का उद्देश्य

हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों को अंतिम रूप देना और सभी सदस्यों को सूचित करना।
बैठक का स्थान: मगरी माता मंदिर परिसर कुशलगढ़।

बैठक का आयोजन

12 अप्रैल को हनुमान जी के जन्मोत्सव के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। घुड़सवार दल, थोल ग्रुप आलोट,बैंड बाजा,शिव पार्वती अघोरी बैठक में शामिल सर्व समाज के युवा सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अघोरीनंदी,राम दरबार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा, बाहुबली हनुमान,भगोरिया नृत्य केवड़िया गुजरात, डीजे, बग्गी,फ्लावर मशीन, फ्लावर तोप,राम हनुमान प्रतिमा,1100 हनुमान चालीसा सहित प्रचार प्रसार की सामग्री,पानी की व्यवस्था जगह जगह ओर अन्य संगठनों द्वारा चल समारोह पर पुष्प वर्षा की जाएगी। हनुमान जन्मोत्सव के लिए एक 50 सदस्य से अधिक सदस्य की कमिटी बनाई गई हे।

बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती मनाई

राजनीतिक सामाजिक जीवन पर डाला प्रकाश

मरुधर विशेष

नीमराना (सुनील मेघवाल) बाबू जगजीवन राम निर्माणाधीन छात्रावास नीमराना में शनिवार को स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम पूर्व उप प्रधानमंत्री की 117 वीं जयंती मनाई गई ।इस अवसर प्रतिमा को फूल माला पहनाकर याद किया गया।इस अवसर पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई।बाबू जगजीवन राम के सामाजिक राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर मेघवाल विकास समिति ब्लाक नीमराना के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पनवाल, नोतराम गुरुजी, अशोक निमोरिया एडवोकेट, गजेन्द्र सिंह, विजय चौहान, रामनिवास सामरिया, राजस्थान मेघवाल परिषद कोटपुतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द रेवाडिया, राजस्थान मेघवाल परिषद जिला उपाध्यक्ष राजू सिंह सामरिया,अशोक आर्य, हिम्मत सिंह आर्य,पवन सिरोहीवाल ,सुरेश कुमार जलालपुरिया एडवोकेट,राजू सामरिया, नवीन बड़सीवाल एडवोकेट, मगन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव नीमराना के रैफल्स यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए

दीक्षांत समारोह में 344 छात्र छात्राओं को डिग्री वितरित की गई

मरुधर विशेष

नीमराना (सुनील मेघवाल) नीमराना जापानी जोन स्थित रैफल्स यूनिवर्सिटी में शनिवार को छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय श्रम एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह की विधिवत शुरुआत हुई।छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्रियां प्रदान की गईं। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर बल दिया और युवाओं से देश सेवा में योगदान देने का आह्वान किया।यादव ने कहा कि डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियो को कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के विकास को लेकर मैं लगातार छोटे से बड़े विद्यालय और विश्वविद्यालय में जाता रहता हूं। हम क्षेत्र में ई-लाइब्रेरी के प्रयास को भी आगे बढ़ा रहे हैं। डिग्री जो है हमे एक व्यवसायिक रूप में दक्षता हासिल की जाती हैं। समारोह में रैफल्स यूनिवर्सिटी के निदेशक ने भूपेंद्र यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस गरिमामयी आयोजन में देश और विदेश की कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी मौजूद रहीं। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायाधीश जस्टिस दीपंकर दत्ता, एमार दुबई के संस्थापक हिज एक्सिलेंसी मोहम्मद अल्बर, गोम्बर फाउंडेशन के चेयरपर्सन विवेक गोम्बर तथा गोम्बर एजुकेशन फाउंडेशन की चेयरपर्सन वीना गोम्बर ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह में भाजपा नेत्री डॉक्टर अंजली यादव,इंदर यादव,बीजेपी जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी,नीलम यादव,विश्वविद्यालय के फैकल्टी, छात्र,अभिभावक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

अवैध खनन पर जिला प्रशासन का करारा प्रहार

खान एवं परिवहन विभाग ने की अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई

मरुधर विशेष

संवाददाता सलीम खान डीग, - माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंशा के अनुरूप जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने ओवरलोडिंग के खिलाफ मिल रही शिकायतों विशेषकर पहाड़ी और सीकरी क्षेत्र में ओवरलोडिंग के मामलों में परिवहन विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों को स्थानीय सूचना तंत्र विकसित करने एवं उस तंत्र के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपखंड अधिकारी, खान विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग का संयुक्त दल अवैध खनन की रोकथाम के लिए निगरानी तंत्र विकसित कर प्राप्त इनपुट के आधार पर कार्यवाही करे। इसी क्रम में 04 अप्रैल को खान एवं भू-विज्ञान विभाग द्वारा अवैध खनन, निर्गमन एवं भंडारण के विरुद्ध 04 कार्रवाइयों में 04 वाहनों की जब्ती करते हुए 2.74 लाख रुपए की वसूली की। वहीं परिवहन विभाग द्वारा कुल 15 वाहनों के चालान काटते हुए 01 वाहन की जब्ती कर .59 लाख रुपए वसूले। इसके अतिरिक्त अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए रास्ता काटने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान छपरा से बसई और चीनावड़ा से घाटा समशाबाद तक के रास्ते काटे गए।

वी बी बिल्डर सोसाइटी नीमराना में मां दुर्गा का पांचवा विशाल भंडारा एवं जागरण का आज रविवार को होगा आयोजन

मरुधर विशेष

नीमराना (सुनील मेघवाल) नीमराना कस्बे की वी बी बिल्डर सोसाइटी में आज रविवार 6 अप्रैल को मां दुर्गा का पांचवा विशाल भंडारा एवं जागरण का आयोजन होगा। रॉयल पीजी गेस्ट हाउस के निदेशक मोहित कुमार यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह वी बी बिल्डर सोसाइटी नीमराना में मां दुर्गा का पांचवा विशाल भंडारा एवं जागरण का आयोजन होगा। जागरण के दौरान जयदीप यादव एंड पार्टी के द्वारा माता रानी का गुणगान किया जाएगा। कार्यक्रम में गायक कलाकार आशीष यादव, विजेता सक्सेना, श्वेता शर्मा एवं तन्नू म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा माता रानी की आकर्षक झांकियां एवं भजनों की प्रस्तुति पेश की जाएगी।

अवैध खनन को लेकर डीग कलेक्टर एक्शन मोड में

मरुधर विशेष

संवाददाता आबिद खान पहाड़ी डीग खनन विभाग और परिवहन विभाग को दिए करवाई के सख्त निर्देश अवैध खनन से भरे ओवर लोड वाहनों पर करे नियमन कठोर कानूनी करवाई वही अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित करके तुरंत करे करवाई वही अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए छपरा से बसई और चीनावड़ा से घाटा तक के काटे जा रहे हैं रास्ते।

भाग्योदय पब्लिक स्कुल का उदघाटन व नवरस 2025 वार्षिकोत्सव

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़: बडोदिया में जय गुरूदेव शिक्षण सेवा संस्था द्वारा संचालित भाग्योदय पब्लिक स्कुवल बडोदिया के नये भवन का उदघाटन व नवरस 2025 वार्षिकोत्सव समारोह पुर्वक संपन्न हुआ । कार्यक्रम मुख्य अतिथि पुर्व केबीनेट मंत्री महेन्द्र जीत सिंह मालवीया,अध्य?क्षता प्रधान सुभाष खराडी, विशिष्ट अति?थि क्रष्णा कटारा, गमीरा दादा,चांदमल जैन,स्वामी विवेकानंद महाराज,ललीत पाटीदार, चंद्रकांत खोडणिया,मोगाजी भाई पटेल, लालचंद कलाल एवं सेलिब्रिटी गेस्ट रितिक राठौड शंकर तेली सभी ने मिलकर विद्यालय के नये भवन का फीता काटकर उदघाटन किया । विद्यालय फाउडंर गणेशलाल कलाल करजी ने स्वागत उदबोधन दिया । अतिथियों का स्वागत मेनेजिंग डायरेक्टस दीपक कलाल ने किया । वार्षिकोत्सव नवरस 2025 में सिंगर विकास शुक्ला व विद्यालय के बच्चो ने विभिन्न प्रस्तुंतीया देकर सबका मान मोहा । संचालन एंकर धनराज राजोरा व इशिता मेहता ने सयुक्त रूप से किया। वागड में अपार संभावनाएं - पुर्व केबीनेट मंत्री महेन्द्र जीत सिंह मालवीया ने कहा कि अब अपने बच्चो को कोटा, सीकर या अन्य दुर स्थानो पर पढाई के लिए भेजने की जरूरत नही है वागड में ही बच्चो को पढने के लिए विद्यालय, कोचिंग व अन्य संसाधन उपलब्ध है ।

खुंदनीहाला में 6 देवी देवताओं की मूर्ति स्थापना हुई

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़: सज्जनगढ़ उपखण्ड के खुंदनीहाला गांव में आज पीपला हरण माताजी, मेलडी माताजी, लाल बाई माताजी, फुल बाई माताजी, हनुमानजी एवं भैरव जी की मूर्ति स्थापना की गई। सर्वप्रथम महिलाओं खुंदनी हाला के विभिन्न मार्गो से होते हुवे कलश यात्रा निकाली जो अंत में मंदिर पहुंची। इस दौरान भक्तो का जवार उमड़ा। जनजाति क्षेत्रों से भक्तो ने मंदिर में मूर्ति स्थापना के दौरान श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से भजन गाये एवं भक्ति रस में डूबे नजर आये। मूर्ति स्थापना के साथ भक्तो ने जयकारे लगाए, यज्ञ एवं हवन के पश्चात पूर्णाहुति दी गई एवं सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। भक्तो ने बताया की सदियों से जनजाति समाज हिन्दु धर्म एवं देवी देवताओं का उपासक के साथ साथ पूर्ण श्रद्दा का भाव रखता आया है। इस मौके पर शंकर गिरि महाराज, रतना महराज,दिनेश महाराज,ताजहीग भगत,नाथु भगत, मगन भगत,खातु भगत,नुरजी भगत, रंगजी भगत,विश्व हिन्दु परिषद से सुभाष कलाल, सोहन भुरिया, लालसिंह वड़खिया, दीपचन्द चरपोटा, ताजु भाई पटेल, भरत निनामा, बदा भाई कान्ति भाई गणावा, कलजी निनामा, गोड़ा सरपंच दिलीप गरासिया, खुंदनी के पूर्व सरपंच हकरचंद भूरिया, दिनेश कलाल, महेश सोनी सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे। अंत में महाआरती के पश्चात महाप्रसाद ग्रहण की।

चित्तौड़गढ सांसद डॉ.सी.पी.जोशी का कुशलगढ़ दौरा स्व.सुरेंद्र सिंह तंवर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़: चित्तौड़गढ सांसद डॉ.सी.पी.जोशी शनिवार को रात 8.30 बजे कुशलगढ़ प्रवास पर रहे। इस दौरान वे राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूर्व में क्षेत्र संगठन मंत्री हिंदू जागरण मंच के रहे संघ प्रचारक स्व.सुरेंद्र सिंह तंवर के निवास पर पहुंचे और स्व.सुरेंद्र सिंह तंवर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। उनके परिजनों को संबल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दु:ख की घड़ी में हम सभी आपके साथ है। इस अवसर पर महेश शर्मा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,पूर्व संसदीय सचिव भीमाभाई डामोर,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष बबलू मईडा,नपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी,पार्षद राहुल सोनी,नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा जोशी,पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष लीला पडियार,नितिन कलाल,रौनक टेलर,मुकेश कलावा,प्रीतेश पंड्या,तवर परिवार के आनंद सिंह तंवर प्रेम सिंह तंवर अर्जुन सिंह तंवर जगदीश तंवर प्रशांत तंवर नितेश तंवर सहित परिजनों सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

भव्य कलश यात्रा व रामनवमी को होगी, प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल मेले का आयोजन

मरुधर विशेष

थानागाजी पंचायत समिति के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सालेटा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मेले एवं भंडारे का आयोजन होगा, साथ ही रामनवमी को श्री जोबनेर वाली ज्वाला माता जी की प्राण प्रतिष्ठा व रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विनोद लालवाड़ी एंड पार्टी द्वारा आयोजित होगा7 भव्य विशाल कलश यात्रा ठाकुर जी मंदिर भगतपुरा से आयोजित होकर देवी माता मंदिर सालेटा तक हुई भव्य कलश यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच दीप सिंह राजावत, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सिंबू दयालबाबूजी, उपेंद्र कुमार मुद्गल, भैरू राम, गौरी शंकर, गुलाराम, दीनदयाल,पवन,कालूराम, कमलेश, रतीराम, महेंद्र प्रजापत आदि के सानिध्य में समाप्त हुई व दिनांक 6 अप्रैल 2025 रविवार रामनवमी को हंस द्वारा मूर्ति का नगर भ्रमण होगा

Marudharhind24 news Private Limited के लिए मद्रानी प्रिंटर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्हा अलवर से प्रकाशित। मो 9653906665, 7014373732